प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 312 मंगलवार 04 नवम्बर, 2025 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## मरीजों को राज्य से बाहर रेफर करने से बचें चिकित्सक : त्रिपुरा मुख्यमंत्री

**एमबीबीएस परीक्षा परिणामों में उनके खराब प्रदर्शन को लेकर चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा, मीडिया ने एमबीबीएस प्रथम वर्ष की परीक्षा में इन दोनों कश्लेजों के खराब प्रदर्शन की खबर दी है।**



नई दिल्ली 03 नवम्बर (एजेंसी)त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को सरकारी चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे जहां तक घ्संभव हो, मरीजों को राज्य से बाहर रेफर करने से बचें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए काम कर रही है।यहां एक कार्यक्रम में साहा ने कहा कि मुख्यमंत्री समीपेषु कार्यक्रम के दौरान उनसे मिलने वाले अधिकतर लोग स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे उठाते हैं और बेहतर इलाज के लिए त्रिपुरा से बाहर रेफर किए जाने की च्छा व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम एक साप्ताहिक पहल है, जिसके तहत वे जनता की शिकायतें सुनते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा, हमने जीबीपी अस्पताल में पहले ही नौ सुपर स्पेशियलिटी विभाग खोल दिए हैं तथा चार और खोलने की योजना है। अगर मरीज इलाज के लिए राज्य से बाहर जाते रहेंगे, तो सरकार ने सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाएं क्यों खोली हैं? यह चिकित्सकों और मरीजों के बीच विश्वास की कमी को दर्शाता है।जीबीपी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ शंकर चक्रवर्ती के अनुसार, रेफरल मामलों की संख्या 2024 में 900 से घटकर इस वर्ष अक्टूबर तक लगभग 500 रह गई है।मुख्यमंत्री ने दो मेडिकल कॉलेजों – शांतिनिकेतन मेडिकल कॉलेज, जो एक निजी संस्थान है और सोसायटी द्वारा संचालित त्रिपुरा मेडिकल कॉलेज (टीएमसी) को हाल ही में घोषित एमबीबीएस परीक्षा परिणामों में उनके खराब प्रदर्शन को लेकर चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा, मीडिया ने एमबीबीएस प्रथम वर्ष की परीक्षा में इन दोनों कॉलेजों के खराब प्रदर्शन की खबर दी है।सरकार चिकित्सा शिक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी और जरूरत पड़ने पर हम मदद भी करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे संदेश मिला है कि सक्षम प्राधिकारी ने त्रिपुरा मेडिकल कॉलेज में 50 अतिरिक्त एमबीबीएस सीटें शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है और शीघ्र ही एक औपचारिक अधिसूचना जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में त्रिपुरा के तीन मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 400 सीटें हैं।

## अब कम हाजिरी के कारण किसी ला छात्र को परीक्षा से नहीं रोका जाएगा, दिल्ली हाईकोर्ट ने बीसीआई को नियम समीक्षा का दिया निर्देश

**पीठ ने कहा, इस मामले में सभी हितधारकों की दलीलों को विस्तार से सुनने और सामने आई कठोर वास्तविकताओं पर विचार करने के बाद, यह न्यायालय दृढ़ता से इस विचार पर कायम है कि सामान्य रूप से मानदंड शिक्षा और विशेष रूप से कानूनी शिक्षा को इतना कठोर नहीं बनाया जा सकता कि इससे किसी छात्र को मानसिक आघात पहुंचे, मृत्यु की बात तो दूर।**



नई दिल्ली 03 नवम्बर (एजेंसी)दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को फैसला सुनाया कि देश में किसी भी कानून के छात्र को केवल इसलिए परीक्षा देने से नहीं रोका जाना चाहिए क्योंकि उनकी उपस्थिति कम है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति शर्मा की पीठ ने कहा कि कानूनी शिक्षा में शैक्षणिक नीतियां इतनी कठोर नहीं हो सकतीं कि वे किसी छात्र के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाएं। अदालत 2016 में कानून के छात्र सुशांत रोहिल्ला की मृत्यु के बाद शुरू किए गए एक स्वतरू संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा, इस मामले में सभी हितधारकों की दलीलों को विस्तार से सुनने और सामने आई कठोर वास्तविकताओं पर विचार करने के बाद, यह न्यायालय दृढ़ता से इस विचार पर कायम है कि सामान्य रूप से मानदंड शिक्षा और विशेष रूप से कानूनी शिक्षा को इतना कठोर नहीं बनाया जा सकता कि इससे किसी छात्र को मानसिक आघात पहुंचे, मृत्यु की बात तो दूर।10 अगस्त, 2016 को, एमिटी विश्वविद्यालय के तृतीय वर्ष के विधि छात्र सुशांत रोहिल्ला ने आत्महत्या कर ली थी, क्योंकि कथित तौर पर उपस्थिति कम होने के कारण उन्हें सेमेस्टर परीक्षाएँ नहीं देने दी गईं। उन्होंने एक नोट छोड़ा था जिसमें लिखा था कि वह असफल हैं और जीना नहीं चाहते। सर्वोच्च न्यायालय ने 2016 में इस मामले का संज्ञान लिया था और बाद में 2017 में इसे दिल्ली उच्च न्यायालय को हस्तांतरित कर दिया था।फैसला सुनाते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को इस उद्देश्य के लिए छात्र संगठनों, अभिभावकों और शिक्षकों सहित हितधारकों के साथ शीघ्रता से परामर्श करना चाहिए ताकि अनिवार्य उपस्थिति आवश्यकताओं के कारण परीक्षा में देरी या अनुपस्थित रहने से छात्रों पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए छात्रों के जीवन और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके। पीठ ने कहा, ष्जबकि बीसीआई द्वारा परामर्श चल रहा है, इस अंतराल में, यह निर्देश दिया जाता है। भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त लॉ कॉलेज, विश्वविद्यालय या संस्थान में नामांकित किसी भी छात्र को न्यूनतम उपस्थिति की कमी के आधार पर परीक्षा देने से नहीं रोका जाएगा

## अधिकारी लोगों की शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निरस्तारण करें:मुख्यमंत्री शर्मा

नई दिल्ली 03 नवम्बर (एजेंसी)राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का सोमवार को निर्देश दिया। शर्मा ने यह निर्देश मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई के दौरान दिया।आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने जनसुनवाई में आई महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को सबसे पहले सुना और अधिकारियों को उनकी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने जनसुनवाई में आए लोगों की कई समस्याओं का संतोषजनक निस्तारण किया।मुख्यमंत्री ने कहा, "जनसुनवाई में परिवादी अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से बड़ी उम्मीद रखते हैं।



**अधिकारी उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध निस्तारण करें तथा अधिकारी पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ काम करते हुए लोगों को राहत दें**

ऐसे में अधिकारी उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध निस्तारण करें तथा अधिकारी पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ काम करते हुए लोगों को राहत दें।"उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी नियमित रूप से स्थानीय स्तर पर जनसुनवाई करें तथा आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण प्राथमिकता से हो।शर्मा ने इस दौरान कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के पोस्टरों का विमोचन किया।

## अजित पवार ने स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राकांपा की तैयारियों का जायजा लिया

नई दिल्ली 03 नवम्बर (एजेंसी)महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राकांपा प्रमुख अजित पवार ने संगठन को मजबूत करने और आगामी स्थानीय



निकाय चुनावों की तैयारी के प्रयासों के तहत सोमवार को मुंबई में अपनी पार्टी की जिला और ब्लॉक समितियों के साथ बैठकें कीं।राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने एक बयान में कहा कि बैठकों में वर्तमान संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा, स्थानीय चुनौतियों की पहचान और राज्य व जिला नेतृत्व के बीच समन्वय में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। राज्य में बृहन्मुंबई नगर निगम सहित विभिन्न स्थानीय निकायों के चुनाव जनवरी 2026 तक पूरे होने हैं।चर्चा के दौरान, राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने जिला और ब्लॉक समिति के प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई चिंताओं का समाधान किया। उन्होंने कहा, राकांपा नेतृत्व स्थानीय निकाय चुनावों में राकांपा की बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए सर्वेक्षण रिपोर्ट, अभियान टीम के संदर्भ में स्थानीय नेतृत्व को हर संभव सहायता प्रदान करेगा। हमारा उद्देश्य हर स्तर पर संगठन को मजबूत करना और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में अच्छे परिणाम सुनिश्चित करना है।

## सुप्रिया सुले ने मृत डाक्टर के परिजनों से मुलाकात की

***सुले ने सवाल उठाया कि चुनिंदा जानकारी कैसे सार्वजनिक की गई। राकांपा (एसपी) के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, ''जांच होने दीजिए। इतनी जल्दी क्यों है? जो भी दोषी है - चाहे वे कोई भी हो - दंडित किया जाना चाहिए।***



नई दिल्ली 03 नवम्बर (एजेंसी)राकांपा (एसपी) की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने सोमवार को उस महिला डॉक्टर के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने महाराष्ट्र के सतारा जिले में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

बीड में डॉक्टर के परिवार से मुलाकात के बाद सुले ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से आग्रह किया कि घटना की जांच पूरी होने तक किसी को भी क्लीन चिट न दी जाए। उन्होंने निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किए जाने की भी मांग की।सुले के साथ पार्टी सांसद बजरंग सोनवणे और पार्टी की युवा इकाई के अध्यक्ष महबूब शेख भी थे। बीड जिले की रहने वाली डॉक्टर को 23 अक्टूबर को सतारा के फलटन शहर में एक होटल के कमरे में फंदे से लटका हुआ पाया गया था।

अपनी हथेली पर लिखे एक 'सुसाइड नोट' में, उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी गोपाल बदाने ने उनके साथ कई बार बलात्कार किया, जबकि सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा था कि मुख्यमंत्री फडणवीस, जिनके पास गृह विभाग है, ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को तुरंत एक महिला आईपीएस अधिकारी के तहत एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया है।डॉक्टर के परिवार से मुलाकात के बाद सुले ने संवाददाताओं से कहा, "इस मामले में कुछ सरकारी प्रतिनिधियों के बयान बेहद असंवेदनशील और परेशान करने वाले हैं। डॉक्टर महाराष्ट्र की सक्षम बेटी थी और उसे न्याय मिलना चाहिए। लोगों को लगता है कि मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन न्याय मिलने तक हम चुप नहीं रहेंगे।''सीडीआर (कॉल डेटा रिकॉर्ड) के कथित तौर पर लीक होने पर चिंता व्यक्त करते हुए, सुले ने सवाल उठाया कि चुनिंदा जानकारी कैसे सार्वजनिक की गई। राकांपा (एसपी) के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, ''जांच होने दीजिए। इतनी जल्दी क्यों है? जो भी दोषी है – चाहे वे कोई भी हो – दंडित किया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि सांसद सोनवणे जल्द ही दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें मामले के तथ्यों से अवगत कराएंगे।

## बेंजामिन बटन' की तरह हर रोज जवां दिखने वाले शाहरुख खान को जन्मदिन की बधाई:शशि थरूर

**थरूर ने आगे लिखा,'' इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं! शाहरुख, ऐसे ही आप भौतिकी और जीव विज्ञान को चकमा देते रहें और अपनी उम्र को लेकर हम सब को भुलावे में डाले रहें।**



नई दिल्ली 03 नवम्बर (एजेंसी)राजनेता शशि थरूर ने शाहरुख खान के जन्मदिन पर उन्हें अनोखा शुभकामना संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रविवार को अपना 60वां जन्मदिन मनाने वाले खान की उम्र बढ़ने की बजाए 'बेंजामिन बटन' की तरह घट रही है और वह हर दिन जवान हो रहे हैं।थरूर ने 2008 में आई ब्रैड पिट अभिनीत फिल्म का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी तरह से शाहरुख 60 साल के नहीं दिखते। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में शाहरुख डेविड फिंचर निर्देशित 'द क्यूरियस केस ऑफ बेंजामिन बटन' के नयक की तरह दिखते हैं।उन्होंने लिखा, ''बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान को 60वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे यह 60 संख्या बहुत संदिग्ध लग रही है। थरूर ने लिखा, '' शाहरुख खान के 60 वर्ष के होने का दावा तथ्यात्मक रूप से मुझे सही नहीं लगता।''थरूर ने कहा कि जब शाहरुख 70 साल के हो जाएंगे, तब तक वह किशोर अवस्था की भूमिकाओं के लिए ऑडिशन दे रहे होंगे। उन्होंने मजाकिया लहजे में लिखा, '' उनकी उम्र लगातार घट रही है और जब वह बाल कलाकारों की भूमिका निभाएंगे, तब तक मैं संभवतरू यहां नहीं रहूंगा।''थरूर ने आगे लिखा,'' इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं! शाहरुख, ऐसे ही आप भौतिकी और जीव विज्ञान को चकमा देते रहें और अपनी उम्र को लेकर हम सब को भुलावे में डाले रहें।

## सीएम योगी ने की ताबड़तोड़ जनसभाएं

## बोले-इंडी गठबंधन के तीन बंदर...पप्पू, टप्पू और अप्पू

**सीएम योगी ने कहा, बिहार और उत्तर प्रदेश का रिश्ता आज का नहीं, त्रेता युग से रोटी-बेटी का है। हम एक परिवार की तरह हैं। जब यूपी प्रगति करता है तो बिहार भी आगे बढ़ता है।**



नई दिल्ली 03 नवम्बर (एजेंसी)बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक बाद एक रैली व जनसभा ने न सिर्फ चुनावी सरगर्मी को बढ़ा दिया है। सीएम योगी ने सोमवार को दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सारण व पटना में एक बाद एक चार जनसभाओं को संबोधित कर अपने अंदाज में विपक्षी पार्टियों पर तीखा प्रहार किया।सीएम योगी ने कहा, आज इंडी गठबंधन के तीन बंदर हैं पप्पू, टप्पू और अप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता और अप्पू सच सुन नहीं सकता। इनको न प्रधानमंत्री मोदी का विकास दिखता है, न देश की प्रगति की खुशबू महसूस होती है।

सीएम योगी ने कहा, बिहार की यह पावन धरती, जो मां भगवती जानकी की आत्मा कही जाती है, उन सभी रामद्रोही ताकतों को स्पष्ट संदेश दे रही है कि अब बिहार में रामराज्य का उदय होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा था कि भगवान राम हुए ही नहीं। यही कांग्रेस, यही आरजेडी और इनके साथी यूपी की समाजवादी पार्टी ने अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। आज वही लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस और आरजेडी की वही जोड़ी है जिसने न केवल बिहार को हिंसा, नरसंहार और अराजकता की आग में झोंका, बल्कि मां जानकी और भगवान श्रीराम के अस्तित्व तक पर सवाल उठाया था। जो राम का विरोधी है, वह भारत का विरोधी है, वह मिथिला का भी विरोधी है और वो हम सब का विरोधी है।सीएम योगी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिथिला की पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दरभंगा के मखाना उद्योग को राष्ट्रीय बोर्ड बनाकर सम्मानित किया और लाख की चूड़ियों को नई पहचान दिलाई। बिहार में सड़क, रेल, एयर और अब जलमार्ग हर दिशा में कनेक्टिविटी का नेटवर्क तैयार हुआ है। हल्दिया से अयोध्या तक इनलैंड वॉटरवे के जरिए बिहार, बंगाल और यूपी को जोड़ा गया है। यही विकास की असली गंगा है।सीएम योगी ने कहा, आरजेडी की सरकार के समय बिहार नरसंहारों से दहला रहता था, बेटियां असुरक्षित थीं, व्यापारी भयभीत थे। उन्होंने जाति के नाम पर समाज को तोड़ा, अपहरण को उद्योग बना दिया। लेकिन अब एनडीए की सरकार में न दंगा है, न भय।यूपी की तरह बिहार को भी माफिया और अराजकता से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि आज यूपी में माफिया की छाती पर बुलडोजर चलता है। जो लूटेगा, उसका सब कुछ जाएगा और वही संपत्ति गरीबों को घर बनाकर दी जाएगी।

## अधिकतर स्टेशन काम नहीं कर रहे

## दिल्ली में जहरीली हवा पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

***न्यायमित्र के रूप में पीठ की सहायता कर रही वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए पूर्व-निवारक उपाय करने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया।***



नई दिल्ली 03 नवम्बर (एजेंसी)सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि दिवाली के दौरान दिल्ली के 37 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से केवल नौ ही चालू थे। इससे यह सवाल उठता है कि विश्वसनीय आंकड़ों के बिना ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ळत्।च्) को कैसे लागू किया जा सकता है। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता श्बेहद खराबश बनी हुई है, ऐसे में अदालत के समक्ष पेश हुए एक वकील ने बताया कि कई निगरानी केंद्र काम नहीं कर रहे हैं जिससे प्रदूषण के स्तर पर नजर रखना या यह तय करना मुश्किल हो रहा है कि कब प्रतिबंध लगाए जाएँ। सुनवाई के दौरान, न्यायमित्र के रूप में पीठ की सहायता कर रही वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए पूर्व–निवारक उपाय करने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया।उन्हें स्थिति गंभीर होने से पहले ही कार्रवाई करनी होगी। वकील ने दलील दी और यह भी बताया कि दिल्ली में कई वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र कथित तौर पर काम नहीं कर रहे हैं। वकील ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि निगरानी केंद्र काम नहीं कर रहे हैं। अगर ये केंद्र काम नहीं करेंगे, तो हमें नहीं पता होगा कि ळत्।च् कब लागू करना है। उन्हें स्थिति पर जवाब देने दीजिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दिवाली के दौरान 37 में से केवल 9 निगरानी केंद्र ही चालू थे। इसके जवाब में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने सीएक्यूएम और सीपीसीबी को वायु गुणवत्ता को और बिगड़ने से रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों का विवरण देते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि सीपीसीबी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और एनसीआर के अंतर्गत आने वाले जिलों में उनके संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के परामर्श से 14 से 25 अक्टूबर तक अपने–अपने अधिकार क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक की निगरानी करेगा और प्रत्येक दिन की वायु गुणवत्ता को निर्दिष्ट करते हुए एक रिपोर्ट दाखिल करेगा।

# सम्पादकीय

## अमित शाह जीत के प्रति आश्वस्त

बिहार में पहले चरण के मतदान के लिए अब आज को मिला कर दो दिन बचे हैं। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि बिहार में पहले चरण का चुनाव छह नवंबर को होना है और बिहार के पहले चरण के चुनाव का प्रचार आज शाम बंद हो जाएगा। वहीं इससे पूर्व, मोदी सरकार के केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा की चुनावी राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह मीडिया के एक कार्यक्रम में मौजूद थे। विदित हो कि बिहार विधानसभा चुनावों से कुछ ही दिन पहले आयोजित इस कार्यक्रम में अमित शाह ने कई बातों के जवाब दिए। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव के नौकरी वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। अमित शाह ने तेजस्वी यादव के नौकरी वाले बयान पर कहा, 1 करोड़ रोजगार 5 साल में वाकई में संभव है। उन्होंने कहा, रोजगार और नौकरी के बीच में बहुत बड़ी गलती करते हैं। रोजगार कुटीर उद्योग, एमएसएमई हो सकता है, रोजगार के कई प्रकार से सृजन होता है। गांव में डेयरी से 150 परिवार को रोजगार मिलता है। रोजगार को नौकरी कहकर कंन्यूजन मत पैदा करिए। तो वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बूथ स्तर से लेकर पटना तक पार्टियों ने अपना कैंपेन किया, अपनी–अपनी बात पहुंचाने के लिए अच्छा काम किया है। हम लोगों के लिए परिणाम अच्छा होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से बिहार सबके ज्यादा जागरूक प्रदेश में से एक है, बिहार की जनता असली मुद्दों को जानती है और असली मुद्दों को पहचानती है। चुनाव में मुद्दों को बड़ा कोलाहल होता है उसमें बिहार की जनता मुद्दे चुनती है।




नफीस जाफरी

जबकि दूसरी ओर इससे पहले, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने महागठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें बिहार में गलती से भी वापसी का मौका नहीं मिलना चाहिए। मराठी विवाद पर बोलते हुए गोयल ने कहा, यह हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है। इसकी शुरुआत उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने की थी और ये दोनों महागठबंधन का हिस्सा हैं। इसी वजह से उन्हें दोबारा मौका नहीं दिया जाना चाहिए। जबकि इसी कार्यक्रम के दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बिहार को जंगलराज से उबरने में बहुत समय लगा। नौजवान जंगलराज के खौफ को याद करें। बिहार में मखाना बोर्ड पर लगातार काम जारी है। अभी बहुत कुछ करना है। निजी कंपनियां बिहार में फोकस कर रही हैं। बिहार में लगातार बदलाव जारी है। नीतीश जी ने रिश्ता बनाया और निभाया है। बिहार में नीतीश कुमार चेहरा है और रहेंगे।

## विकास का केरल मडल, द रियल केरल स्टोरी

दो दिन पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बड़े ऐलान के साथ पूरे पन्ने के विज्ञापन अखबारों में प्रकाशित हुए। ऐलान यह था कि केरल भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जो गरीबी से पूरी तरह मुक्त हो गया है। 1 नवंबर शनिवार को राज्य के स्थापना दिवस के मौके पर बाकायदा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर सरकार ने इस खास उपलब्धि का जिक्र जनता के बीच किया। केरल में देश की एकमात्र वामपंथी सरकार है और इस सरकार ने अपने यहां घोर गरीबी को पूरी तरह खत्म करने का दावा किया है। केरल ने 64 हजार लोगों को बेहद गरीबी से बाहर निकालकर ये उपलब्धि हासिल की है। हालांकि, विपक्ष ने इस घोषणा को धोखा बताया है और विधानसभा के विशेष सत्र बुलाने की भी आलोचना की। विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने कहा कि यह घोषणा एक कपटपूर्ण घोषणा है और सभी अखबारों में इसके विज्ञापन दिए गए हैं। हालांकि सरकार का कहना है कि यह निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया गया था और यह कोई गुप्त मामला नहीं था। विशेष सत्र इसलिए बुलाया गया, क्योंकि विधानसभा द्वारा जनता को इस उपलब्धि के बारे में सूचित करना उचित समझा गया। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि, श्सरकार केवल उन कार्यों की बात करती है जो पूरे हो चुके हैं। जनादेश का आधार किए गए वादों को पूरा करना है, जो हासिल हुआ है उसे बनाए रखने के लिए कदम उठाए जाते रहेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जो लोग अत्यधिक गरीबी से उबर चुके हैं वे फिर से गरीबी में न फंसें। केरल देश के सामने एक नया मॉडल पेश कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि देश के अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श होगी। मुख्यमंत्री ने अपने आधे घंटे के संबोधन में कहा, यह अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है।श वहीं अध्यक्ष ए. एन. शमसीर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी सदस्यों को बधाई दी और कहा कि केरल समाज के सभी वर्गों को संसाधन वितरित करके सामाजिक प्रगति–उन्मुख विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष के बयान में समाज के सभी वर्गों के बीच संसाधनों का वितरण और समाज की प्रगति का जो जिक्र किया गया है, वह आज के दौर में खास गौर फरमाने लायक बात है। क्योंकि देश को अब इस बात पर खुश होने कहा जाता है कि गिनती के उद्योगपति दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में आ गए हैं। आर्थिक हैसियत में अंतर की खाई देश में बढ़ती जा रही है, लेकिन इस पर राज्य सरकारों या केंद्र सरकार ने कोई गंभीर चिंतन किया हो, उसके कारण समझने की कोशिश की हो, ऐसा याद नहीं पड़ता। गरीबों के और गरीब होने की सबसे बड़ी वजह यही है कि संसाधनों पर कुछ लोगों का कब्जा हो गया है, जिससे उन्हें अपनी दौलत को बढ़ाने के पर्याप्त मौके मिल रहे हैं। सरकार निजी क्षेत्रों की भागीदारी वाले विकास मॉडल के नाम पर कुछ उद्योगपतियों को वो सारे संसाधन सौंप चुकी है, जिनका सही इस्तेमाल करना असल में सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार ने अपनी इस जिम्मेदारी को पूरा नहीं किया, तो गरीबों को इसका नुकसान उठाना पड़ा। उनके पास अच्छी शिक्षा, सरकारी नौकरी, अच्छे स्वास्थ्य, मनोरंजन, तरक्की के जो मौके होने चाहिए थे, वो बड़ी चालाकी से छीन लिए गए। फिर इस गरीबी को कई तरह से परिभाषित कर लोगों को उलझाया गया, ताकि उनका ध्यान इस बात पर जाए ही नहीं कि गरीब परिवार में पैदा होना, गरीबी में जीवन गुजारना और गरीब बने रहकर ही मर जाना, उनकी नीयती नहीं थी, बल्कि धन्ना सेठों की तिजोरी भरने के लिए ऐसे हालात बना दिए गए। गरीबों का गुस्सा फूटे नहीं इसके लिए कभी गैर सरकारी संगठनों को प्रेशर कुकर की सीटी की तरह इस्तेमाल किया गया, कभी पांच किलो मुफ्त अनाज या दो हजार रुपए की सम्मान राशि जैसे जुमलों में उस गुस्से को कृतज्ञता में तब्दील कर दिया गया। गांव–देहातों में बहुत से लोग इस बात की खैर मनाते हैं कि मोदी उन्हें भूखा नहीं मरने दे रहे, बल्कि पांच किलो अनाज दे रहे हैं। इस एहसान का एहसास होने की जगह कायदे से सवाल ये होना चाहिए था कि 80 करोड़ लोगों के लिए ऐसा रोजगार क्यों नहीं है कि वे महज पांच किलो अनाज के मोहताज न रहें। खुद इतनी आजीविका कमा सकें कि पौष्टिक भोजन की व्यवस्था खुद कर सकें। सरकार से ऐसे ही सवाल अगर शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, यातायात, सुरक्षित जीवन आदि को लेकर हों, तो उन्हें काम करने पर मजबूर होना ही पड़ेगा। बहरहाल, मौजूदा परिदृश्य में संभावनाएं कम हैं कि सरकार ऐसे सवालों को उठने देगी या उनके जवाब देगी। ऐसे में केरल से आई इस खबर का स्वागत होना चाहिए। बेशक विपक्ष आपत्ति उठा रहा है, जो उसका लोकतांत्रिक हक है। हालांकि विपक्ष को भी अपनी आपत्तियों को बिंदुवार सामने रखकर बताना चाहिए कि वह किस आधार पर केरल सरकार के दावे को गलत बता रही है।

# खरगे के संघ पर प्रतिबंध लगाने संबंधी बयान पर गरमाई सियासत



गुलफिशा खान

केन्द्र की एनडीए सरकार का नेतृत्व कर रही भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी संघ की राजनीतिक इकाई है। भाजपा का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति लगाव और उसके साथ उसका रिश्ता कभी किसी से छिपा नहीं रहा। तो वहीं दूसरी ओर देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति राजनीतिक विरोध जगजाहिर है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विपक्ष के नेता की राजनीतिक का मूल आधार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विरोध करना ही प्रमुख है। वे देश और संविधान के लिए भाजपा के साथ–साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी खतरनाक बताते है। और शायद ही कोई दिन होता हो जब राहुल गांधी भाजपा से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर हमला न करते हो। वहीं इसी क्रम में अब कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल हो गए हैं। विदित हो कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बैन वाले बयान को लेकर सरकार्यवाहर दत्तात्रेय होसबले ने बड़ा पलटवार किया है। दत्तात्रेय होसबले ने कहा कि किसी के चाहने भर से किसी पर बैन नहीं लगाया जा सकता। आज के समाज ने संघ को स्वीकार कर लिया है। ऐसे में इस तरह की बात करना गलत है। आपको बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की बात कही थी। देश के पहले उप–प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर उन्हें याद करते हुए खरगे ने कहा था कि सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था। खरगे से पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी कहा था कि आज भी किसी सरदार की जरूरत है जो फिर से उस विचारधारा पर प्रतिबंध लगाए जिससे भाजपा का जन्म हुआ। अखिलेश यादव के बयान को लेकर पूछे जाने पर खरगे ने कहा कि मेरी निजी राय है कि आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्यूंकि देश में ज्यादातर कानून व्यवस्था की समस्याएं भाजपा/आरएसएस की वजह से पैदा हो रही हैं।








वहीं जहां तक कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का सवाल है तो आरएसएस प्रमुख गोलवलकर को लिखे सरदार पटेल के पत्र का हवाला देते हुए खरगे ने कहा था कि अपने पत्र में सरदार पटेल ने जिक्र किया कि गांधी जी की हत्या के बाद आरएसएस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और मिठाई बांटी। आरएसएस और हिंदू महासभा की गतिविधियों के कारण देश में बने माहौल के परिणामस्वरूप गांधी जी की हत्या हुई। इन वजहों से आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। खरगे ने कहा कि 1964 में बनी नियमावली के तहत सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस और जमात ए इस्लामी जैसे संगठनों की गतिविधियों में शामिल होने पर भी पाबंदी लगाई थी। जिसे संशोधित कर जुलाई 2024 में मोदी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में सक्रिय होने की अनुमति दे दी। खरगे ने इस संशोधन को वापस लेने और फिर से आरएसएस से जुड़ी पाबंदी लगाए जाने की माँग की। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि नेहरू और पटेल एक दूसरे का बेहद सम्मान करते थे लेकिन भाजपा इन दोनों के बीच फूट डालने की कोशिश करती है। आरएसएस पर प्रतिबंध की मांग से जुड़े खरगे के बयान को आपत्तिजनक बताते हुए भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि उन्हें संघ के इतिहास के बारे में जानना चाहिए। गांधी जी की हत्या के बाद कपूर कमीशन ने आरएसएस को क्लीन चिट दी। खरगे की भाषा मुस्लिम लीग, पीएफआई , जमीयत उलेमा ए हिंद जैसे कट्टरपंथी संगठनों जैसी है। खरगे के आरएसएस को लेकर दिए बयान के जवाब में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति पर पूरे देश को जेलखाना बना देने वाली यह कांग्रेसी मानसिकता द्वारा आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की बात करना कोई पहला अवसर नहीं है। पहले भी इन लोगों ने अपनी सत्ता और तुष्टिकरण की राजनीति को बचाए रखने के लिए आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की है। ये वही लोग है, जो च्थ्प् जैसे आतंकी संगठनों को अपनी राज्य सरकारों के दौरान बढ़ावा देते हैं। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ हमेशा जहर उगलने का काम करते हैं। मगर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मां भारती की सेवा में निरंतर आगे बढ़ता रहा है। ऐसी कांग्रेसी धमकियों के बावजूद आरएसएस ने अपने गौरवशाली 100 वर्षों की राष्ट्रसेवा की यात्रा पूरी की है, जिसका साक्षी पूरा देश है।

# बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचार-प्रियंका ने भाजपा पर किए तीखे तंज़



फरीद वारसी

बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार में प्रियंका गांधी की भी एंट्री हो गई है। विदित हो कि बिहार के पहले चरण के मतदान से पूर्व जो कि छह नवंबर को होना है। कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंकते हुए पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को भी चुनाव के प्रचार में उतारा है। इसी क्रम में बेगूसराय में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, बिहार की जनता रोज ये सह रही है। किसी भी महिला से पूछ लीजिए क्या वे सुरक्षित हैं? दो दिन पहले एक नेता की हत्या हुई। उससे पहले कुछ व्यापारियों की भी हत्या हुई। आज जनता चाहती है कि वर्तमान की बात हो। यहां जनता का गुजारा नहीं हो रहा है। वहीं कांग्रेस महासचिव और बिहार मामलों के प्रभारी .ष्णा अल्लावरु ने मोकामा हत्याकांड पर कहा, कि प्रियंका गांधी ने एक बात कही कि बिहार में डबल इंजन की सरकार नहीं बल्कि सिंगल इंजन की सरकार चल रही है। जब से पीएम मोदी और अमित शाह बिहार में सरकार चला रहे हैं तब से अपराध, बेरोजगारी, पेपर लीक, महंगाई का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। मोकामा में जो हुआ वो सिंगल इंजन की सरकार की नाक के नीचे हुआ। बड़े–बड़े नेताओं के साथ आचार–संहिता के बावजूद ऐसा हादसा हो रहा है तो गलती से यदि इनकी सरकार बन गई तो बिहार और बिहार की जनता का क्या हाल होगा ये समझा जा सकता है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ने कहा कि 20 साल से नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री हैं। इतना लंबा अरसा बिहार की जनता ने उन्हें दिया, लेकिन उन्होंने अपने कार्यकाल में कौन सा काम किया? कानून–व्यवस्था लगभग चरमरा गई है। मोकामा में एक नेता की हत्या कर दी जाती है। बिहार का पुलिस प्रशासन खत्म हो चुका है।



वहीं जहां तक प्रियंका गांधी का सवाल है तो जैसा कि उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार के बेगूसराय के बछवारा में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर देश को कमजोर करने, लोगों में फूट डालने और वोट चोरी के आरोप लगाए। देश के 12 राज्यों में होने जा रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) पर भी चिंता जताई। प्रियंका गांधी ने बछवारा में कांग्रेस उम्मीदवार गरीब दास के समर्थन में और बेलदौर में मिथिलेश कुमार के समर्थन में चुनाव जनसभाओं को संबोधित किया। प्रियंका गांधी ने कहा है कि बिहार की धरती इतिहास और संस्ःति से समृद्ध है, लेकिन यहां विकास नहीं हो पाया है. उन्होंने कहा, यह आपकी धरती बहुत सुंदर है। यह मां गंगा के साथ चलती है, यह पवित्र भूमि है. इसी धरती से महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत की थी। इसने देश को बहुत कुछ दिया है, बड़े अधिकारी, नेता, देशभक्त, कवि लेकिन इसका विकास ठीक तरह से नहीं हो रहा है। गांधीजी की लड़ाई संविधान की रक्षा की लड़ाई थी। संविधान ने हमें आजादी, विकास और अधिकार दिए.सबसे बड़ा अधिकार हमें वोट का मिला, जिसने हमें देश का नागरिक बनाया।

केरल के वायनाड से कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी ने भापजा पर वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने 65 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए हैं। यह लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश है। प्रियंका ने कहा, भाजपा सरकार ने लोगों को कमजोर बना दिया है। बीस साल से सत्ता में हैं, लेकिन जनता की सरकार मजबूत नहीं हुई, बल्कि कमजोर हो गई है। उन्होंने आपका वोट खतरे में डाल दिया है। वे धर्म और जाति के नाम पर नफरत फैलाते हैं। झूठा राष्ट्रवाद दिखाकर असली मुद्दों–बेरोजगारी और महंगाई से ध्यान हटाते हैं। उन्होंने एसआईआर करवा कर 65 लाख वोट काट दिए। आपकी योजनाएं और सुविधाएं कमजोर की जा रही हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार बिहार में बेरोजगारी की समस्या सुलझाने में नाकाम रही है। इससे लोग बड़ी संख्या में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा,आज पूरे देश में,केरल से लेकर कश्मीर तक, जहां भी सड़क बन रही है, वहां काम करने वाला मजदूर कहता है, मैं बिहार से आया हूं। यहां नौकरियां नहीं हैं, रोजगार नहीं है। कांग्रेस नेता ने भाजपा नेताओं पर तंज कसते हुए कहा,भाजपा के बड़े नेता, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, प्रधानमंत्री– सब नेहरू या इंदिरा गांधी की बातें करते हैं, कभी 2050 के भविष्य की बात करते हैं या बीते जमाने की। लेकिन क्या वे आपके आज की बात करते हैं? क्या वे पूछते हैं कि आप महंगाई में कैसे जी रहे हैं? वहीं इससे पहले पटना एयरपोर्ट पर प्रियंका गांधी पत्रकारों से बातचीत में एनडीए के एक करोड़ नौकरियों के वादे पर भी सवाल उठायां उन्होंने कहा, अगर नौकरियां देनी थीं तो अब तक क्यों नहीं दीं? अब चुनाव से ठीक पहले ही क्यों वादा कर रहे हैं? यहां यह बताते चलें कि बिहार विधानसभा की 243 सीटों के लिए दो मतदान दो चरणों में छह और 11 नवंबर को कराया जाएगा। इस चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को आएंगे।

# हथियारों की अंधी दौड़ की सौगात देते ट्रंप

Vमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की घोषणा पर दुनिया में जबरदस्त हलचल मच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 33 साल बाद परमाणु परीक्षण का आदेश दिया है। चीन और रूस की टेस्टिंग के बीच यह फैसला वैश्विक तनाव बढ़ा सकता है और एनपीटी समझौते पर सवाल खड़े करता है।

ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया में सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं, लेकिन इंटरनेशनल कैंपेन टू एबॉलिश न्यूक्लियर वेपंस के अनुसार, रूस के पास लगभग 5,500 परमाणु वारहेड हैं, जबकि अमेरिका के पास करीब 5,044 हैं।

हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने परमाणु हमले की तैयारी के अभ्यास का आदेश दिया था। रूसी सेना ने इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल यार्स और सिनेवा मिसाइल का परीक्षण किया, साथ ही टीयू–95 बमवर्षक विमान से लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल भी दागी। ट्रंप ने इन परीक्षणों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि पुतिन को युद्ध खत्म करने पर ध्यान देना चाहिए, न कि मिसाइल टेस्ट करने पर।

ट्रंप के परमाणु परीक्षण के आदेश से वैश्विक स्तर पर हड़कंप मच गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम वैश्विक निरस्त्रीकरण प्रयासों को कमजोर कर सकता है और न्यूक्लियर नॉन–प्रोलिफरेशन ट्रीटी का उल्लंघन भी माना जा सकता है, जिसे अमेरिका ने 1992 में साइन किया था।

आपको बता दें कि इस पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक्स पर एक पोस्ट लिखकर ट्रम्प के बयान की तीखी आलोचना की। उनका कहना था कि अपने रक्षा विभाग का नाम बदलकर युद्ध विभाग रखने वाला परमाणु हथियारों से लैस दबंग देश खुद परमाणु हथियारों का परीक्षण करने जा रहा है। यही दबंग देश ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम को बदनाम कर रहा है और हमारे सुरक्षित परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले की धमकी दे रहा है।

इससे पहले ये जानना जरूरी है कि परमाणु परीक्षण क्या है और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं। नाभिकीय अस्त्र परीक्षण या परमाणु परीक्षण उन प्रयोगों को कहते हैं जो डिजाइन एवं निर्मित किए गए नाभिकीय अस्त्रों के प्रभाविकता, उत्पादकता एवं विस्फोटक क्षमता की जांच करने के लिए किए जाते हैं। परमाणु परीक्षणों से कई जानकारियां प्राप्त होतीं हैं, जैसे ये नाभिकीय हथियार कैसा काम करते है, विभिन्न स्थितियों में ये किस प्रकार का परिणाम देते है, भवन एवं अन्य संरचनाएं इन हथियारों के प्रयोग के बाद कैसा कितना सुरक्षित रहती हैं। इसके अलावा परमाणु परीक्षणों से वैज्ञानिक, तकनीकी एवं सैनिक शक्ति का प्रदर्शन करने की कोशिश भी की जाती है।

बीसवीं सदी में कई देशों ने परमाणु परीक्षण किए थे। पहला परमाणु परीक्षण अमेरिका ने 16 जुलाई, 1945 में किया था जिसमें 20 किलोटन का परीक्षण किया गया था। अब तक का सबसे बड़ा परमाणु परीक्षण सोवियत रूस में 30 अक्टूबर 1961 को किया गया था जिसमें 50 मेगाटन के हथियार का परीक्षण किया गया था। इसे अलावा 25 मई, 2009 को उत्तरी कोरिया ने परमाणु परीक्षण किया था, जिसे विश्व के अधिकांश देशों ने निंदनीय बताया है। विश्व के परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों ने अब तक कम से कम 2000 परमाणु परीक्षण किए हैं। हालांकि अब इस पर अंतर्राष्ट्रीय कानून बने हुए हैं, जिनका पालन करना दुनिया के हर देश का कर्तव्य है, लेकिन अब ट्रम्प ने परमाणु परीक्षण की बात कहकर दुनिया में हलचल मचा दी है। अगर अब परमाणु परीक्षण होता है, तो यह अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। इस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति ने परमाणु परीक्षण की बात कहकर इन कानूनों का उल्लंघन किया है। ईरान के विदेश मंत्री का साफ कहना था कि अमेरिका दुनिया में परमाणु प्रसार का सबसे बड़ा खतरा है। उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने दक्षिण कोरिया में एशिया–प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन से इतर चीन के प्रधानमंत्री शी जिनपिंग से मुलाकात से ठीक पहले 30 अक्टूबर को अपने ट्रूथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा था कि उन्होंने अमेरिका के रक्षा विभाग को परमाणु हथियारों के परीक्षण का आदेश दिया है। अन्य देशों के परीक्षण कार्यक्रमों के कारण, मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे हमारे परमाणु हथियारों का समान परीक्षण शुरू करें। रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रूस ने हाल में कोई परीक्षण नहीं किया है, लेकिन अगर अमेरिका ऐसा करता है, तो रूस भी परमाणु हथियारों का परीक्षण शुरू कर देगा। सोवियत संघ ने आखिरी बार 1990 में, अमेरिका ने 1992 में और चीन ने 1996 में परमाणु हथियार का परीक्षण किया था। चीन ने हालांकि ट्रम्प के बयान पर संतुलित रुख अपनाया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन का कहना था कि बीजिंग को उम्मीद है कि अमेरिका व्यापक परमाणु परीक्षण–प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) और परमाणु परीक्षणों पर उसके प्रतिबंध का पालन करेगा। नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाले जापानी परमाणु बम पीड़ितों के समूह निहोन हिडांक्यो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा की कड़ी आलोचना की है और इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया है।



उधर, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका परीक्षण दोबारा शुरू करता है, तो यह हथियारों की नई दौड़ को जन्म दे सकता है। अमेरिकी सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन ने कहा, "ट्रंप परमाणु हथियारों को खिलौना बना रहे हैं।"

दुनिया भर के विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका का यह कदम रूस और चीन के बढ़ते परमाणु प्रभाव के जवाब में है, लेकिन इससे अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता को बड़ा झटका लग सकता है। यह स्थिति विश्व भर में हथियारों की खतरनाक होड़ को जन्म दे सकती है। ¼fgQh½

# बेटियों ने रचा एक और इतिहास



gमारे देश में सावित्री, सीता से शुरू हुई बेटियों की शेहरत रानी लक्ष्मीबाई तक हर क्षेत्र में छायी रही है। बेटियों को बोझ समझने वाले और कोख में ही उनकी हत्या करने वालों को अब तो समझ आ ही जानी चाहिए कि बेटियां बेटों से किसी भी स्तर पर कम नहीं है। आज हमारे देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति के रूप में बिराजमान हैं तो बेटियां राफेल जैसा लड़ाकू विमान भी उड़ा रही हैं। खेल के क्षेत्र में भारत की बेटियों ने एक नया इतिहास रचा है। महिला क्रिकेट विश्व कप में पहली बार हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में बेटियों ने विश्व चैम्पियन बनकर देश का सम्मान बढ़ाया है। दक्षिण अफ्रीका को विश्वकप में बल्ले और गेंद दोनों से धूल चटाने के बाद हरमन प्रीत कौर और स्मृति मंधाना के साथ सभी खिलाड़ियों ने महिला वर्ल्ड कप की ट्राफी के साथ जश्न मनाते हुए नया गीत गाया। यह गीत उन सभी बेटियों को प्रोत्साहित करेगा जो खेलने में रुचि रखती हैं।

भारतीय महिला टीम द्वारा नया गीत इस प्रकार है–

Vhe bfM;k&Vhe bfM;k
dj ns lcdh gok VkbV
Vhe bfM;k fg;j Vs QkbV
dkbZ Hkh uk yxk ldk
ykbV
gekjk ¶;pj gS ckbV
lkFk eas pysaxs] lkFk eas
mBsaxs
ge gSa Vhe bfM;k] lkFk eas
thrsaxs
dkbZ Hkh u yxk ldsa ikxk
jgsxk lcls Åij gekjk
frjaxk
ge gSa Vhe bfM;k
ge gSa Vhe bfM;kA

यह गीत बताता है कि खेलने में टीम वर्क की भावना कितना महत्व रखती है और हम अपने लिए नहीं देश के लिए खेलते हैं। हमारे खेल से देश का सम्मान जुड़ा होता है। इसलिए महिला विश्व कप में भारत की सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।भारतीय टीम ने 2 नवम्बर को साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। फाइनल मैच में भारत की गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने कड़ी मेहनत और हौसले के दम पर फाइनल में जीत दर्ज की। पहले बैटिंग करते हुए टीम ने 298 रन बनाए। इसके बाद साउथ अफ्रीका की टीम 246 रनों पर सिमट गई।भारत ने पहले बैटिंग करते हुए शेफाली वर्मा (78 गेंद में 87 रन) और दीप्ति शर्मा (58 रन) के अर्धशतक की बदौलत सात विकेट पर 298 रन बनाए। शेफाली ने वनडे में अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान सात चौके और दो छक्के लगाए। दीप्ति ने 58 गेंद में तीन चौके और एक छक्का जड़ा। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 45 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने 34 रन का योगदान दिया।

# किसानों की बदहाली को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के अजय राय निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम सदर विक्रम राघव को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बेमौसम अतिवृष्टि बारिश से खड़ी एवं पड़ी धान, बाजरा और सब्जियों की फसल का जनपद के किसानों को भारी क्षति पहुंची है, जिससे जनपद का किसान भुखमरी की कगार पर आ गया है। इसी के उदाहरण स्वरूप विगत दिनों जनपद झांसी में एक किसान ने धान की खराब हुयी फसल देखकर आत्महत्या कर ली थी। ठीक उसी तरह से जनपद इटावा में भी किसान आत्महत्या करने की स्थिति में हैं। इसलिए जनपद के किसानों को फसल क्षति का मुआवजा देने और जल्द से जल्द उनकी समस्याओं को दूर करने की जिला कांग्रेस कमेटी मांग करती है। जिससे किसानों को राहत मिल सके। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, मैनपुरी कोऑर्डिनेटर करण सिंह राजपूत, जिला प्रवक्ता प्रेरणा जुबैरी, रणवीर सिंह यादव, सतीश शाक्य, प्रदीप दुबे, दीक्षा शुक्ला, अनुराग कर्ण, आनंद वर्मा, रोहन शाक्य, अनुज चतुर्वेदी, इंद्रेश यादव एवं रामनरेश यादव आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# जसवंतनगर पुलिस ने अंतर्जनपदीय हिस्ट्रीशीटर मुठभेड़ में गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जसवंतनगर पुलिस द्वारा अन्तर्जनपदीय हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में गिरतार किया गया। कब्जे से 01 अवैध तमन्चा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 03 मोबाइल, 1000 रुपये तथा घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल चोरी बरामद की। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों की गिरतारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आज थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत सिरहौल नहर के पास संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार कचौरा बाईपास से सराय भूपत की ओर तेजी से आता दिखायी दिया। पुलिस टीम द्वारा उक्त मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया तो उसके द्वारा भागने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा पीछा करने पर मोटर साइकिल सवार व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया गया तथा मोटर साइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल सवार व्यक्ति पर आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी। जिसकी एक गोली अभियुक्त अभिमन्यु यादव उर्फ राजा उर्फ हनी पुत्र रविन्द्र निवासी नगरिया यादवान थाना भरथना के बायें पैर में लगी। जिसे घायल अवस्था में गिरतार किया गया। पकड़े गये अभियुक्त से तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 01 तमन्चा, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 03 मोबाइल तथा 1,000 रुपये बरामद हुये एवं मोटर साइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि यह मोटर साइकिल चोरी की है जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है। गिरतारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जसवन्तनगर पर मु0अ0सं0 394/2025 धारा 117(2)/109 बीएनएस व धारा 3, 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजी.त किया गया। गिरतार अभियुक्त थाना भरथना से हिस्ट्रीशीटर है एवं उसके विरूद्ध लूट, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट आदि के कुल 23 अभियोग पंजी.त है।

# फैशन शो का पहला आडिशन सफलतापूर्वक संपन्न



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कल्चरल हब के तत्वावधान में आयोजित फैशन शो का पहला ऑडिशन रेस्टोरेंट सिविल लाइंस इटावा में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य इटावा जैसे छोटे शहर के उन युवाओं को एक मंच प्रदान करना है जो फैशन और मॉडलिंग की दुनिया में अपना करियर बनाना चाहते हैं। इस अवसर पर लगभग दो दर्जन प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जज की भूमिका में मुस्कान सक्सेना, प्रिया सिंह और अर्शिका पाल धनगर मौजूद रहीं जिन्होंने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास और प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में इटावा कल्चरल हब टीम के सदस्यों में विकास चौहान, उत्कर्ष और प्रांशु का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में कार्यक्रम संयोजक प्रशांत तिवारी और हर्ष शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कल्चरल हब का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना है। ताकि जिले के युवा भी देश और प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर सकें। उन्होंने यह भी घोषणा किया कि फैशन शो का दूसरा ऑडिशन नवंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। जिसके बाद चयनित प्रतिभागी फाइनल राउंड में हिस्सा लेंगे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
**फैसल चश्मे वाले**
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखो मे दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखो के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
**फैसल चश्मे वाले**
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबूनगर, फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी, सम्पर्क कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# नेशनल हाईवे पर अर्टिगा ने ई-रिक्शा को रौंदा, छह घायल



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। खैराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर वैदेही वाटिका के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें ई–रिक्शा सवार करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब खैराबाद से सीतापुर की ओर आ रहे एक ई–रिक्शा को सामने से आ रही तेज रतार अर्टिगा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना का विवरण टक्कर इतनी भीषण थी कि ई–रिक्शा उछलकर सड़क किनारे पलट गया, जबकि अनियंत्रित कार कुछ दूरी पर जाकर पार्क की दीवार से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अर्टिगा कार की गति काफी तेज थी और चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह भयानक दुर्घटना हुई। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय राहगीरों ने तुरंत घायलों को बाहर निकाला और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को ले जाने में हुई देरी स्थानीय लोगों ने बताया कि सूचना देने के बावजूद करीब 30 मिनट तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची, जिससे घायलों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने बिना देर किए घायलों को अपनी गाड़ियों से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी का इलाज जारी है। घायलों में कार मालिक भी शामिल हैं। पुलिस जांच में जुटी बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जबकि कार मालिक को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारण नेशनल हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया। फिलहाल पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है और सीसीटीवी फुटेज खंगालने समेत अन्य कानूनी कार्यवाही कर रही है।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली बना प्रेरणा का केंद्र, संयुक्त सचिव ने की प्रशंसा



न्यूज वाणी ब्यूरो

घोसी, मऊ। ब्लॉक घोसी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली में आज संयुक्त सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश वेद प्रकाश राय का आगमन हुआ। उनका स्वागत "अभिभावक–शिक्षक संवाद" कार्यक्रम के तहत किया गया। विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षणिक वातावरण को देखकर वेद प्रकाश राय अभिभूत हो गए। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि "डॉ. रामविलास भारती जैसे शिक्षक ही अच्छे विद्यार्थी और अच्छे समाज का निर्माण करते हैं। शिक्षकों की कमी के बावजूद इन्होंने उत्.ष्ट शैक्षणिक माहौल बनाया है।" कक्षावार निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की अत्याधुनिक व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे प्रदेश का अत्यंत सुंदर और सुविधाजनक विद्यालय बताया। साथ में आए प्रदेश संयुक्त सचिव, बॉलीबॉल संघ प्रमोद राय प्रेमी ने कहा कि "डॉ. रामविलास भारती के नवाचार बच्चों को प्रतिदिन नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहे हैं।" डायट प्रवक्ता मऊ डॉ. संदीप राय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा "बच्चे अपने लक्ष्य का निर्धारण करें और उसे पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें।"प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष .ष्णानंद राय ने कहा "यह विद्यालय पूरे जनपद के लिए प्रेरणास्रोत है।" एस.आर.जी एवं मंडलीय उपाध्यक्ष (जू.हा.स्कूल/पू.मा.) शिक्षक संघ संजय तिवारी ने कहा कि "शिक्षक–अभिभावक संवाद नियमित रूप से होते रहना चाहिए, ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास में सभी की भागीदारी बनी रहे।" अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोल्ड मेडलिस्ट एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त डॉ.रामविलास भारती ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर .ष्णानंद राय, शशिभूषण राय, संजय तिवारी, रामकेर यादव, अनिल राय, रमेश विश्वकर्मा, राजेश राय, डॉ. तेजभान, एआरपी अखिलेश यादव, रमेश यादव, रामध्यान यादव, मेहंदी रजा, नीलम पटेल, शबनम, बृजेश सागर सहित अनेक शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# बिरसिंहपुर ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता, वीरपाल 1600 मीटर दौड़ के चैंपियन



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, अटरिया। अटरिया इलाके के बिरसिंहपुर गांव में आयोजित हुआ प्रथम महामुकाबला कबड्डी एवं दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। इस रोमांचक कार्यक्रम का शुभारंभ अटरिया थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया, जिसमें प्रदेश के कई जिलों की दर्जनों टीमों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 1600 मीटर दौड़ वीरपाल ने मारी बाजी प्रतियोगिता के दौड़ सेगमेंट में अटरिया, इटौजा, बीकेटी (लखनऊ), सीतापुर, और बाराबंकी के जांबाज युवाओं ने 1600 मीटर की दौड़ में हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बाद, वीरपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। बिरसिंहपुर बना विजेता कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद जौनपुर, बिरसिंहपुर, मचवाखेड़ा, चौक (लखनऊ), बीकेटी, साई बाबा फतेहपुर, बाराबंकी और अकबरपुर भैसामऊ सहित कई शहरों के खिलाड़ियों ने जोर–आजमाइश की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बेहद रोमांचक रहा, जो चौक और बिरसिंहपुर टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत में बिरसिंहपुर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र तीन अंकों के अंतर से चौक को हराकर जीत दर्ज की और महामुकाबले का खिताब अपने नाम किया। विजेताओं पर हुई पुरस्कारों की बारिश कार्यक्रम के आयोजक श्याम गौड़ ने विजेताओं को पुरस्.त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। कबड्डी विजेता (बिरसिंहपुर) ट्रॉफी और 5100 नकद पुरस्कार। कबड्डी उपविजेता (चौक) ट्रॉफी और 3100 नकद पुरस्कार। दौड़ प्रथम स्थान (वीरपाल) 2100 नकद पुरस्कार। इसके साथ ही सभी हिस्सा लेने वाली टीमों को भी ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। आयोजक श्यामजी गौड़ ने मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर राकेश कुमार गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस सफल आयोजन के दौरान सुजीत कुमार, शुभम गौड़, रामस्वरूप सिंह, उत्तम कश्यप, अर्जुन कश्यप, रामजी गौड़, प्रधान संतोष यादव सहित इलाके के समस्त सम्मानित जन, खिलाड़ी और हजारों दर्शक उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का जमकर हौसला बढ़ाया।

# अस्तित्व की जंग लड़ रही अटरिया माइनर, जीवनरेखा नहर बनी कचरे की नाली



न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। जनपद के सिधौली क्षेत्र की अटरिया माइनर नहर, जो कभी किसानों के खेतों की जीवनरेखा थी, आज अपनी पहचान खो चुकी है। अवैध अतिक्रमण, पाटन और कचरे के भीषण ढेर के कारण यह माइनर अब एक संकरी, प्रदूषित नाली में सिमट कर रह गई है। स्थानीय लोगों की मनमानी और सिंचाई विभाग की घोर उदासीनता ने नहर के मूल स्वरूप को मिटा दिया है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भविष्य के सिंचाई संकट को लेकर गहरा डर पैदा हो गया है।

अवैध पाटन और कब्जे से सिमटा जलमार्ग अटरिया माइनर की बदहाली के पीछे दो मुख्य कारण जिम्मेदार हैं। स्थानीय निवासियों ने नहर के एक बड़े हिस्से को मनमाने ढंग से मिट्टी और मलबे से पाटकर आम रास्ते में तब्दील कर दिया है। इस पाटन से नहर की चौड़ाई खतरनाक स्तर तक कम हो गई है। नहर के दोनों किनारों पर लगातार हो रहे अवैध कब्जों ने जल प्रवाह के लिए पर्याप्त जगह नहीं छोड़ी है, जिससे इसका मूल क्षेत्रफल लगातार घट रहा है। इन मनमानी गतिविधियों ने माइनर के सिंचाई स्रोत वाले अस्तित्व को लगभग खत्म कर दिया है। 50 मीटर दूर है सिंचाई विभाग का ऑफिस! अतिक्रमण के साथ, नहर के तल को कूड़े–कचरे ने पूरी तरह पाट दिया है। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों द्वारा लगातार फेंके जा रहे प्लास्टिक, निर्माण सामग्री और घरेलू कचरे के कारण माइनर का जलमार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध है। नहर अब पानी ढोने वाली नाली का रूप ले चुकी है। विभागीय उदासीनता की हदरू सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सिंचाई विभाग का अटरिया ऑफिस इस प्रदूषित माइनर से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद, विभाग के अधिकारी इस गंभीर समस्या के प्रति पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के सहायक अवर अभियंता, तरुण त्रिवेदी, इस गंभीर समस्या को कोई महत्व नहीं दे रहे हैं। अधिकारियों की इस उदासीनता के कारण नहर की सफाई और रखरखाव का कार्य लंबे समय से रुका हुआ है। फील्ड पर किसी भी तरह की मॉनिटरिंग या कार्रवाई न होने से नहर की दुर्दशा बढ़ती जा रही है। फसलें बर्बाद होने का खतरा क्षेत्र के किसान माथे पर चिंता की लकीरें लिए हुए हैं। उनका स्पष्ट डर है कि यदि अतिक्रमण और कचरा इसी तरह बढ़ता रहा, किसानों का कहना है कि वैसे भी नहर में पानी कभी–कभार ही आता है, लेकिन अगर स्थिति नहीं सुधरी, तो सिंचाई के लिए उपलब्ध होने वाला यह अल्प जल भी पूरी तरह रुक जाएगा, जिससे उनकी आने वाली फसलें बर्बाद हो सकती हैं। किसानों ने तत्काल माइनर के चौड़ीकरण और गहन सफाई की मांग की है ताकि नहर को उसके पुराने, जीवनदायी स्वरूप में वापस लाया जा सके।

# बड़कऊसिंह स्मारक विद्यालय में लगा नेत्र शिविर, मरीजों को मिली राहत



न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव, सीतापुर। विकास खण्ड हरगांव अन्तर्गत स्थित बड़कऊ सिंह विद्यालय गनेशपुर फिरोजपुर में सीतापुर अस्पताल द्वारा नेत्र शिविर युवा समाज सेवी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह तोमर की प्रेरणा से लगाया गया। इस नेत्र शिविर का फीता काटकर शुभारम्भ कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष ममता वर्मा ने फीता काट कर किया।नेत्र शिविर में दो सौ सत्रह मरीज आये सीतापुर से आए कुशल चिकित्सकों ने सभी मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। नेत्र परीक्षण में मोतिया बिंद के एक सौ बत्तिस मरीज चिन्हित किए गए। मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किए गए एक सौ बत्तिस मरीजों को दो बसों में भरकर अस्पताल ले जाया गया।शिविर के आयोजन कर्ता कांग्रेस कमेटी की किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह तोमर ने बताया कि आज सभी मरीजों की जांच पूरी कर ली जाएगी कल सुबह ऑपरेशन प्रारम्भ हो जाएगा। ऑपरेशन के बाद दूसरे दिन यानी परसों सभी मरीजों को नेत्र शिविर स्थल पर बसों द्वारा वापस भेज दिया जाएगा। युवा नेता राजेश सिंह तोमर द्वारा बताया गया कि यह चौबिसवां नेत्र शिविर का आयोजन है। अब तक के शिविर से लगभग दो हजार से अधिक मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों को लाभ पहुंचाया जा चुका है। नेत्र शिविर से पड़ोसी जिला व लखीमपुर खीरी के मरीज भी लाभ के भागीदार बने। इस नेत्र शिविर में डॉ. कमरुज्जमा, विजय कुमार, श्याम सिंह, रशीद अहमद, अखिलेश सिंह यादव, रामसेवक भार्गव, अनूप कुमार भार्गव, मेवालाल, कमलेश यादव, मातादीन, प्रमोद कुमार, महेश यादव, मदन मोहन शर्मा, सुशील कुमार, संदीप अवस्थी, संजीव सिंह ,छोटेलाल सिंह, संतोष सिंह, रामबख्श भार्गव, राजू लाल गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, संत बक्स सिंह, देशराज भार्गव, राधेश्याम यादव, चंद्रकली, भागीरथ शर्मा, रामचंद्र भार्गव, नितिन पांड्येय, आशुतोष शुक्ला, बृजलाल, रामाधार, विवेक सिंह, सुशील अवस्थी, रूप कुमार भार्गव बिजनेस राजवंशी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर हुआ सतर्कता जागरूकता सप्ताह

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व तथा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता के भाव को सशक्त बनायेजाने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल की 70 वीं वाहिनी लखीमपुर खीरी की एफ समवाय, रामुपरवा–79 द्वारा 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर तक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह बड़े उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ मनाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों में समवाय के अधीनस्थ अधिकारियों कार्मिकों तथा स्थानीय नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से विभिन्न जन–जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह अन्तर्गत युवाओं में ईमानदारी और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विकास क्षेत्र मिहींपुरवा के प्राथमिक विद्यालय आम्बा में विद्यार्थियों के बीच क्विज, कार्टून निर्माण, स्लोगन लेखन, रंगोली, एवं पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा शपथ समारोह में समस्त बल कर्मियो द्वारा भष्टाचार के विरूद्ध शपथ ली गई। ग्राम पंचायतों में जन–जागरूकता बैठकों का आयोजन कर नागरिकों को सतर्कता एवं नैतिकता के महत्व से अवगत कराया गया। स्थानीय गांवों एवं पंचायतों में सांयकाल के समय आयोजित चौपाल एवं संवाद सत्र में बल के अधिकारियों ने जनता के साथ मिलकर सतर्कता और पारदर्शिता पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान स्वयं सहायता समूहों (सेल्फ हेल्प समूहों) की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय मेलों एवं सभाओं का आयोजन किया गया, जिससे आत्मनिर्भरता के साथ ईमानदारी के मूल्यों को भी प्रोत्साहन मिला। सप्ताह के दौरान बल के अधिकारियों एवं जवानों ने ईमानदारी ही जीवन का आधार है का संकल्प दोहराया तथा नागरिकों को भी अपने कार्यक्षेत्र में नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों, महिला समूहों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय समुदाय के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और सहभागिता की भावना को और मजबूत किया गया।

# सैदापुर देवकली में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। रेशम विकास विभाग द्वारा राजकीय रेशम फार्म सैदापुर देवकली में मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के अंतर्गत पांच दिवसीय रेशम प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयनित 30 लाभार्थियों को विभाग द्वारा प्रशिक्षण किट वितरित की गई। चयन में अजीविका मिशन समूहों तथा रेशम सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता दी गई है। विभाग के तकनीकी अधिकारी महेन्द्र शंकर और गोपाल चन्द्र ने प्रतिभागियों को रेशम उत्पादन की तकनीकी जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक एवं फार्म प्रभारी प्रमोद कुमार ने प्रशिक्षण का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उप निदेशक (रेशम) अरविन्द कुमार ने योजना की रूपरेखा व प्रशिक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि लाभार्थी रेशम उत्पादन बढ़ाकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य मो. याशीन ने योजना को क्षेत्र के .षकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा सभी से इसका अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य मो. याशीन, विकास विभाग के अधिकारी, अजीविका मिशन के समूह सदस्य, बहुउद्देश्यीय प्राथमिक रेशम सहकारी समिति के मुख्य प्रवर्तक महेन्द्र यादव सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की सदस्य छह को करेंगी जनसुनवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण और उत्पीड़न की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 6 नवंबर को जिले के दौरे पर रहेंगी। कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक महिला जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग सदस्य के समक्ष रख सकेंगी। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सुजाता कुमारी ब्लॉक फूलबेहड़ में नारी चौपाल में शामिल होंगी, जहां महिला सुरक्षा, स्वावलंबन तथा विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ लाभार्थियों से संवाद करेंगी। महिला आयोग के निर्देशानुसार यह जनसुनवाई उन महिलाओं के लिए आयोजित की जा रही है जिन्हें उत्पीड़न के मामलों में न्याय पाने में कठिनाई हो रही है। जनसुनवाई के पश्चात संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए जाएंगे।

# रुपईडीहा में प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा क्षेत्र में सोमवार को प्रशासनिक ने सख्त रवैया अपनाते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान संचालित किया गया जो रुपईडीहा थाने से लेकर सेंट्रल बैंक चौराहे तक चला, जहां सड़क के दोनों ओर बने नाले पर या उसके आगे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। हालांकि ये कार्यवाही सिर्फ कुछ दूरी तक ही सीमित रहा। इस सफाई अभियान की रूपरेखा उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने तैयार किया था उनके द्वारा बनाई गई टीम जिसमें नायब तहसीलदार रिसिया अक्षय पांडे, नायब तहसीलदार शिवपुर मथुरा प्रसाद, एनएच–927 के अभियंता विपुल श्रीवास्तव और अनंत मौर्य, पीडब्ल्यूडी के एई कमलेश कुमार, लेखपाल करुणेश त्रिपाठी, नगर पंचायत रुपईडीहा के अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव, बाबू गंगा प्रसाद तथा सुपरवाइजर मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक राहुल सरोज के नेतृत्व में रूपईडीहा पुलिस टीम के साथ ये कार्यवाही संपन्न कराई गई। अभियान के दौरान एनएच–927 पर नाले के ऊपर या उसके आगे बनाए गए टीन शेड और अस्थाई दुकानों को हटाया गया। कई स्थानों पर दुकान के आगे अतिरिक्त मिट्टी पटान की गई थी उसको भी समतल किया गया। इस दौरान बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# जिला पंचायत की बैठक आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि चार नवंबर को अपरान्ह 01:30 बजे से जिला पंचायत के सभागार में अध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में विकसित यूपी–2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व विषयक बैठक आहूत की गई है। जिसमें विकसित यूपी–2047 मिशन शक्ति फेज 5.0 तथा घटी जीएसटी मिला उपहार विषयों पर विचार विमर्श एवं चर्चा की जायेगी। अपर मुख्य अधिकारी ने जिला पंचायत के समस्त निर्वाचित एवं पदेन सदस्यों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

# महिलाओं ने लिखा अप्रतिम इतिहास : डा.संजय



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। भारतीय महिला टीम द्वारा वन्डे महिला विश्वकप जितने पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे भारतीय क्रिकेट का ऐतिहासिक क्षण बताया। शारदा नारायण हास्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में जिला क्रिकेट संघ जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट के लिए यह गौरवशाली क्षण है। भारतीय लड़कियों द्वारा पहली बार विश्वकप जीतने से समाज में लड़कियों के प्रति नजरिया बदलेगा। विश्वगुरु की अवधारणा को पूर्ण करने की दिशा में महिला क्रिकेट टीम की जीत मील के पत्थर की तरह है। यह जीत आने वाले कल को प्रेरणा देगी। इस दौरान सबने इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने सभी महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को कप प्रदान किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री शाबिर खान, ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन अध्यक्ष अजीत सिंह, गरिमा उपाध्याय, टीम मैनेजर अंजु यादव, लक्ष्मी राज, प्रियंका, कश्यप, आशी यादव, अनुष्का यादव, एंजल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सहज भाव से डीएम ने पीड़ितों की सुनीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन में दूर दराज क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सरल एवं सहज भाव से सुना और फरियादियों को आष्वस्त किया कि समयबद्धता के साथ नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण किया जायेगा। आज जनता दर्शन के दौरान 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र में निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ढंग से समय सीमा के अंतर्गत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाये।

# अन्य दलों को छोड़कर कई लोग बसपा में शामिल



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप पूर्व विधायक व मंडल प्रभारी प्रयागराज मुरलीधर गौतम व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी संदीप जडेजा उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मुरलीधर गौतम ने कहा कि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो कानून द्वारा कानून का राज स्थापित कर सकती है। अच्छी शिक्षा व रोजगार दे सकती है। दूसरे दलों के सत्ता में आते ही जो-जो वादे किए है उन पर कभी काम नहीं किया इसलिए पूरे प्रदेश की जनता अब बसपा से उम्मीद लगाए हुए है। इसी बीच में बसपा की विचारधारा से प्रभावित होकर कई दलों के लोगों ने बसपा दामन थाम लिया। बैठक में मुख्य रूप से मौजूद अरविंद गौतम, सुरेन्द्र गौतम, रमेश गौतम, बाबू राम कुरील, अनिल गौतम, संजीव पटेल, संतोष कुमार, बेबी चड्ढा, जसवंत, बबलू गौतम, शीतल, डॉ नन्हे, सौरभ कुमार, आदित्य जडेजा आदि लोग मौजूद रहे।

# मसवानी एकता क्रिकेट टूर्नामिंट का हुआ शुभारंभ



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नाइट मसवानी एकता क्रिकेट टूर्नामिंट का कांग्रेस शहर अध्यक्ष एवं सभासद मो. आरिफ गुड्डा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनके साथ बैटिंग भी की। वहीं साथ रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कलीम उल्ला सिद्दीकी ने भी बॉलिंग करते हुए क्रिकेट का लुत उठाया।क्रिकेट टूर्नामिंट के शुभारंभ अवसर पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कहा कि खेल के द्वारा ही बच्चों के बीच आपसी सौहाद्र कायम होता है जो समाज में एकता के सन्देश का वाहक भी है इसी के साथ नौनिहालों के स्वास्थ्य पर भी अच्छा असर पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि आज समाज में अलगाव वाद का जो जहर डाला जा रहा है उसके लिए आपस में मिलबैठ कर प्यार का समावेश करना परम आवश्यक है उसके लिए खेल एक अच्छा माध्यम है। साथ रहे सभासद ऐनुल आब्दीन उर्फ हुमायूं ने भी आपसी भाईचारे को बल देते हुए कहा कि खेल ही एकता का सबसे उत्तम माध्यम है इसे नकारा नहीं जा सकता। उदघाटन अवसर पर मौजूद नसीम अंसारी, डॉ. अब्दुल हमीद, मो. कैस खान, खुर्शीद कुरैशी आदि तमाम लोगों ने उद्घाटन मैच का आनंद उठाया।

# निष्कासित आउटसोर्स कर्मियों को पुनः रखे जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ की बैठक में बिना नोटिस दिए विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मियों को निष्कासित किए जाने पर चर्चा की गई तत्पश्चात डीएम को एक ज्ञापन सौंपकर निष्कासित कर्मचारियों को पुनः रखे जाने की मांग की।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री कश्यप ने कहा कि विद्युत विभाग में आउटसोर्स कर्मियों को बिना नोटिस दिए विभाग से हटा दिया गया है। जिससे कर्मियों के परिवारीजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक के पश्चात डीएम को ज्ञापन सौंपकर कहा कि ऊर्जा मंत्री, प्रबंध निदेशक के आदेशों के बावजूद कम्पनी द्वारा आदेशों का पालन नहीं किया गया है। इन सभी आदेशों की अवहेलना की जा रही है। समय रहते ऊर्जा मंत्री व प्रबंध निदेशक के आदेश का पालन करवाया जाए अन्यथा की स्थिति में संगठन आंदोलन करने के लिए विवश हो जाएगा इसकी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन व कंपनी की होगी। इस मौके पर दिलीप अग्निहोत्री, जयचन्द्र, महेन्द्र सिंह, शत्रुघन सिंह, दिनेश कुमार, राजेश यादव, अनिल कुमार, मान सिंह यादव, धर्मेन्द्र सिंह, अजय सिंह, आदित्य सिंह पटेल भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

## - मृतक किसानों के लिए 50-50 लाख रुपए मुआवजे की रखी मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। जिले के कांग्रेसियों ने कचेहरी पहुंचकर किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सूबे के मुख्यमंत्री को जिलाधकारी के माध्यम से एक ज्ञापन भेजा। जिसमें मृतक किसानों के परिवारों को पचास-पचास लाख रूपए मुआवजा दिए जाने की मांग रखी गई। कांग्रेसियों का कहना रहा कि किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाना चाहिए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा की अगुवई में भेजे गए ज्ञापन में कांग्रेसियों ने बताया कि गत दिनों हुई बेमौसम बारिश से किसानों की खेत में खड़ी धान, तेलहन व अन्य फसलों का भारी नुकसान हुआ है। जिससे जिले सहित पूरे प्रदेश का किसान पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। जिसका प्रमाण महोबा जनपद के किसान छोटेलाल की फसल नुकसान में सदमे से मौत व झांसी जनपद के किसान कमलेश यादव द्वारा नुकसान से आहत हो आत्महत्या कर लेना है। ज्ञापन में मृतक किसानों को 50-50 लाख रुपए मुआवजे की भी मांग की गई। प्रस्तुत ज्ञापन में मुख्यमंत्री से यह भी मांग की गई कि .षि विभाग की एक टीम भेज कर किसानों को हुए नुकसान का स्थलीय सर्वे कराकर उनके नुकसान की भरपाई की जाए। ज्ञापन में किसानों को समय से खाद न मिलने एवं खाद की काला बाजारी रोकने की भी मांग रखी गई। ज्ञापन के उपरांत पत्रकारों से बात करते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द किसानों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर उन्हें उसका मुआवजा दे ताकि महोबा व झांसी जनपद की घटना की पुनरावृत्ति न हो। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कहा कि किसानों की आय को दुगना करने का दम भरने वाली सरकार आज किसानों को खाद देने में ही असमर्थ है। साथ ही किसानों को प्र.ति का कोप भाजन भी बनना पड़ रहा है। जबकि भारत एक .षि प्रधान देश है फिर भी मौजूदा भाजपा सरकार बराबर किसानों का अहित कर रही है। इस मोके पर संतोष कुमारी शुक्ला, शेख एजाज अहमद, सईद चच्चा, कलीम उल्ला, ई० देवी प्रकाश दुबे, राजेंद्र लोधी, रामनरेश महाराज, अनुराग नारायण मिश्र, ओम प्रकाश कोरी, बृजेश मिश्रा, आनंद सिंह गौतम, सैयद शहाब अली, मिस्बाहुल हक, एफ रहमान असलम, मोईन राईन, एमएल श्रीवास, मो. इमरान, मोहित मिश्रा, कौशल कुमार शुक्ला, नजमी कमर, बशीर अहमद, वीरेंद्र गुप्ता, बच्चा बाजपेई, नौशाद अहमद, अकरम काले, नसीम अंसारी, इंद्रजीत लोधी, लाल तिवारी, मो. आलम, असलम, रमजान शाह, हम्माद हुसैन, राजबीर सिंह, अहद भी मौजूद रहे।

# शिफा मेडिकल स्टोर ने लगाया निःशुल्क शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से चौक स्टेशन रोड स्थित शहर के जाने-माने शिफा मेडिकल स्टोर की ओर से एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य उन आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह पहुंचाना था, जो महंगे इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हैं।

शिविर में अमर शहीद जोधा सिंह अटैया मेडिकल कॉलेज के प्रतिष्ठित एमडी फिजिशियन डॉ. आरके गुप्ता ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं प्रदान कीं। सुबह से ही शिविर स्थल पर मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। डॉ. गुप्ता ने शिविर में आए सैकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जाँच की, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया। इस नेक पहल पर शिफा मेडिकल स्टोर के संचालक अजमत शमीम और हशमत शमीम ने कहा कि हमारा यह प्रयास उन तमाम जरूरतमंद भाइयों और बहनों के लिए है, जो आर्थिक तंगी के कारण अच्छे डॉक्टरों तक नहीं पहुँच पाते हैं। कई बार लोग पैसे की कमी के चलते अपनी बीमारी को समझ नहीं पाते, जिससे उनकी समस्या और गंभीर हो जाती है। यह शिविर उन्हीं की सेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने शिविर में आए सभी लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि समाज सेवा का यह क्रम भविष्य में भी जारी रहेगा। श्री शमीम ने घोषणा किया कि हमारा प्रयास रहेगा कि आगे भी समय-समय पर इसी तरह के विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों का आयोजन करते रहें ताकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँच सके। शिविर को लेकर स्थानीय लोगों ने गहरी संतुष्टि व्यक्त की और आयोजकों के इस कदम की भूरपूर सराहना की।

# दंगल में दिल्ली के पोप सिंह विजयी, जीती अपाचे बाइक

## - स्व0 ननकाई प्रसाद तिवारी पहलवान की याद में हुआ विशाल दंगल

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। हसवा ब्लॉक के कुसुम्भी गांव में स्व0 ननकाई प्रसाद तिवारी पहलवान की याद में हर वर्ष एक दिवसीय विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दगल को देखने के लिए सैकड़ों लोगों को भीड उमडी। जिसमें मुख्य अतिथि खागा विधायक .ष्णा पासवान एवं विशिष्ट अतिथि हसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान ने अखाड़े का फीता काटकर शुभारम्भ किया। दंगल में दो सौ पहलवानों अपने-अपने दाव पेंच दिखाए।दंगल में पहुंच कर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, पूर्व खेलकूद मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल, हसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान ने पहलवानों की जोड़ी के मिलाकर दंगल की शुरुआत किया। जिसमें प्रथम ईनाम में एक अपाचे गाड़ी रखी गयी थी। जो कि मुख्य अतिथि .ष्णा पासवान ने पोप सिंह दिल्ली और शारिक पंजाब के बीच जबरदस्त प्रदर्शन किया। जिसमें पोप सिंह दिल्ली विजयी हुए। जिसमें खागा विधायक .ष्णा पासवान, पूर्व खेलकूद मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, हसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान ने विजयी हुए प्रथम विजेता पोप सिंह दिल्ली को एक अपाचे गाड़ी की चाबी देकर सम्मानित किया। नेपाल से लकी थापा एवं पंजाब से विक्की जोड़ी को हाथ मिलाकर कुश्ती की शुरूआत कराई। जिसमें नेपाल के लकी विजयी हुए। मनीष दिल्ली और भगत गोरखपुर के बीच बहुत ही रोचक कुश्ती शुरू हुई। जिसमें भगत गोरखपुर दूसरा ईनाम जीत कर विजयी होकर एक ईनाम स्कूटी जूपीटर बाइक जीती और बनारस से रचना और रोशनी लखनऊ की बीच रोचक कुश्ती हुई। जिसमें लखनऊ रोशनी विजयी हुए। इस मौके पर ग्राम प्रधान शिवा ठाकुर, बीरू सिंह, विनायक सिंह, शिवमंगल सिंह, गोर शुक्ला, चुन्न तिवारी, सोनू पाडेय, अशोक सिंह, रामू पाडेय, सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था पर अजपा ने किया प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो




फतेहपुर। भाजपा सरकार में दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यक समुदाय पर लगातार हो रहे अत्याचार को लेकर अपना जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मांगे उठाई।

अपना जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार कोरी की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचकर और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया तत्पश्चात डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि भाजपा सरकार में अराजकता चरम पर है। पूरे देश में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ो व अल्पसंख्यकों पर जुल्म, ज्यादती व अत्याचार की घटनाएं बढ़ी हैं। भाजपा शासित राज्य जंगलराज बन गए हैं। उत्तर प्रदेश तो गुंडो, माफियाओं व अपराधियों की चारागाह बन गया है। अपहरण, हत्या, दहेज हत्या, महिला उत्पीड़न, दलित व पिछड़ो पर उत्पीड़न की घटनाओं में उत्तर प्रदेश टाप पर है। फतेहपुर में आरिश पुत्र रूवाब अहमद निवासी रेड़इया आबूनगर समेत अन्य लोगों की हत्याएं कर दी गई। सरकार अपराधियों को जेल भेजने के बजाए उनको बचाने का प्रयास कर रही है। मांग किया कि सीजेआई पर जूता फेंकने की घिनौनी हरकत करने वाले को तत्काल गिरतार किया जाए, एससी, एसटी, ओबीसी व मुस्लिम समाज के नौजवानों की हो रही हत्याओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अभियुक्तों की तत्काल गिरतारी की जाए। घटनाओं में लीपापोती करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही धर्म के आधार पर हो रहे भेदभावपूर्ण कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। इस मौके पर राजेन्द्र प्रसाद, सूर्य प्रसाद मौर्य, दिनेश कुमार प्रजापति, सुरेन्द्र कुमार प्रधान भी मौजूद रहे।

# व्यापारियों के यहां हुई चोरी का खुलासा किए जाने की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा किए जाने की मांग को लेकर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की अगुवई में व्यापारी एसपी कार्यालय पहुंचे जहां एसपी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि कस्बा छिवलहा थाना हथगांव के व्यापारी शिव सनेही उर्फ बब्लू गुप्ता के आवास से 30 अक्टूबर को ताला तोड़कर नगदी जेवर समेत लगभग पचास लाख रूपए की चोरी हुई थी। उधर खागा के व्यापारी विनय सोनी के यहां विगत 21 अक्टूबर को लगभग 70 लाख रुपए की चोरी हुई थी। व्यापारियों के यहा लगातार हो रही चोरियों से व्यापारियों में भय के साथ आक्रोश व्याप्त होता जा रहा है जो न्याय संगत नहीं है। इसलिए उद्योग व्यापार मण्डल ने मांग किया कि व्यापारियों की रक्षा सुरक्षा हेतु बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के साथ विगत समस्त चोरियों का अति शीघ्र खुलासा अपराधियों की गिरतारी व चोरी गए सामान की बरामदगी कराई जाए। ताकि जनपद का व्यापारी समाज भय मुक्त होकर व्यापार कर सके। यदि शीघ्र खुलासा न हुआ तो व्यापार मण्डल धरना प्रदर्शन हेतु बाध्य हो जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, जिला महामंत्री विनोद साहू, हंसराज सोनी, रमेश सोनी, जियाउल हक, लखन लाल साहू, देवेन्द्र सोनी, मोनिश कुमार, विजय सोनी, वीरेन्द्र कुमार सोनी भी मौजूद रहे।

# विद्यालय के बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात बृजमोहन राय के कुशल पर्यवेक्षण में यातायात माह नवंबर जागरूकता अभियान के क्रम में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के .ष्टिगत प्रभारी यातायात उपनिरीक्षक लालजी सविता और यातायात पुलिस ने श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज चौक कोतवाली सदर के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी और सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रचार-प्रचार सामग्री भी वितरित की गई। विद्यालय के प्रबंधक शैलेंद्र शरण सिंपल और विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सड़क सुरक्षा की शपथ ली। इसके साथ ही दोपहिया वाहनों, बिना फिटनेस और बिना नंबर प्लेट लगे वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई, साथ ही नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाने और हाईवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया।

# नहीं मिला मैजिक बाक्स, बच्चे हो रहे निराश

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के नई बाजार व संग्रामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए खेल और शिक्षा का प्रमुख साधन मैजिक बॉक्स अब तक नहीं पहुंचा है। इससे केंद्र पर बच्चों की रचनात्मक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्पा देवी ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार विभाग को सूचना दी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बच्चों की उम्र के अनुरूप सीखने और खेलने के लिए मैजिक बॉक्स आवश्यक होता है, जिसमें शिक्षण सामग्री, खिलौने और खेल के उपकरण शामिल रहते हैं। इसके अभाव में बच्चों का विकासात्मक प्रशिक्षण और मनोरंजन दोनों बाधित हो रहे हैं। स्थानीय अभिभावकों ने भी विभाग से जल्द मैजिक बॉक्स उपलब्ध कराने की मांग की है। ताकि बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिल सके। कार्यकत्री का कहना है कि केंद्र पर अन्य आवश्यक सामग्री तो समय-समय पर मिल जाती है, लेकिन मैजिक बॉक्स न मिलने से बच्चों की गतिविधियां सीमित हो गई हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की बात की है।

# पुत्री के अपहरण का आरोप मढ़ बरामदगी की लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घोसी का पुरवा मजरे खरगूपुर बरगला की रहने वाली एक महिला ने पुत्री के अपहरण का आरोप मढ़ते हुए बरामदगी की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। पीड़िता प्रेमा देवी पत्नी राजेश कुमार ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि 03 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे बबलू घोषी पुत्र लल्लू घोषी व सुशील यादव पुत्र भोला सिंह यादव उसकी पुत्री के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर रहे थे। विरोध किया तो धमकी देते हुए चले गए। उसी रात नाबालिग बेटी अंजना देवी गायब हो गई। काफी खोजा लेकिन नहीं मिली। उसने आरोप लगाया कि बबलू व सुशील यादव ने किया है। थाने में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। 28 अक्टूबर को पुनः थाने गई तो वहां पूरा दिन बैठाए रखा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। उसने एसपी से सुल्तानपुर घोष पुलिस को एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# बाइक-ई रिक्शा की भिड़ंत में तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के बेहलाबाद गांव के समीप बाइक और ई-रिक्शा की भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। युवकों को घायल अवस्था में इलाज के लिए सरकारी 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी में कार्यरत डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के बावरा गाँव निवासी बाबू लाल का 24 वर्षीय पुत्र दुर्गेश उर्फ छोटू बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए जा रहा था। जब उसकी बाइक थाना क्षेत्र के बेहलाबाद गाँव के समीप पहुंची तभी सामने आ रहे। तेज रतार ई रिक्शा और बाइक दोनों की भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार दुर्गेश उर्फ छोटू 24 वर्ष और ई रिक्शा सवार माजिश पुत्र सबीर 30 वर्ष निवासी इलाई डेरा अरुण पुत्र संतोष 26 वर्ष निवासी बावरा गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे 108 एम्बुलेन्स के ईएमटी चन्द्र शेखर कुमार ने घायलो को प्राथमिक उपचार के साथ इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायलों का इलाज कर रहे हैं।

# युवक को सर्प ने डसा, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धाना में रविवार की दोपहर खेत में काम कर रहे 37 वर्षीय युवक को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए परिजन हमीरपुर सदर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार धाना गांव निवासी केलकरन का पुत्र हरि किशोर रविवार की दोपहर खेतों में काम कर रहा था इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया। परिजन उसे हमीरपुर जनपद करीब होने के कारण उपचार के लिए सदर अस्पताल हमीरपुर ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर वापस गांव आए और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# सर्पदंश से दो की हालत बिगड़ी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत सोमवार की सुबह दो लोगों को जहरीले सर्प ने डस लिया जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम कसरांव गांव निवासी गनेश का 25 वर्षीय पुत्र राहुल अपने कमरे में सो रहा था। सुबह लगभग आठ बजे जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसी प्रकार राधानगर थाना क्षेत्र के बड़नपुर गांव निवासी प्रेमनाथ विश्वकर्मा का 29 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार सोमवार की दोपहर खेत में काम कर रहा था इसी दौरान जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उन्हें तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सुनही बड़नपुर में सोमवार की सुबह पिता की डांट से क्षुब्ध 16 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सुनही बड़नपुर निवासी उदय ने सुबह अपनी पुत्री सुधा देवी को किसी बात को लेकर डांट-डपट दिया इसी बात से क्षुब्ध होकर सुधा ने जहर खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# करंट की चपेट में आकर किशोरी झुलसी

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के विनोबा नगर में सोमवार की दोपहर घरेलू बिजली की चपेट में आ जाने से 16 वर्षीय किशोरी की हालत बिगड़ गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार विनोबा नगर निवासी महेश की पुत्री संकिता दोपहर अपने कमरे में मोबाइल चार्जिंग में लगा रही थी तभी वह करंट की चपेट में आ गई जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )